फतेहाबाद भास्कर 11-12-2022

रतिया। छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

परेशानियों का सामना करने को किया प्रेरित

भास्कर न्यूज़|रतिया

राजकीय महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन पांचवें दिन शनिवार को हुआ। मुख्य वक्ता के तौर पर मिसेस हरियाणा एव आदमपुर के राजकीय महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक पूजा अहलाण रही। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर के योगदान का विस्तार से उल्लेख करते हुए महिलाओं को अपने जीवन में आने वाली परेशानियों का बड़े धैर्य से सामना करने के लिए प्रेरित किया और सावित्री बाई फूले ने अपने जीवन में आने वाली परेशानियों का सामना करते हुए किस प्रकार भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बन कर समाज की स्त्रीयों को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। नागरिक अस्पताल की मुख्य चिकित्सा सांजिया अरोड़ा ने लड़कियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने के लिए कहा। यहां प्रो. प्रेम मेहता, प्रो. परमजीत संधा, प्रो. महिंद्रपाल, डॉ. राजेन्द्र कुमार, स्वाती डॉ. सैन, सुरेंद्र शर्मा मौजूद थे।